भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2033
11 दिसंबर, 2025 को उत्तर देने के लिए

बीड में किसान उत्पादक संगठनों को अनुदान

2033. श्री बजरंग मनोहर सोनवणेः

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले तीन वर्षों में बीड जिले में वर्ष-वार कितने किसान उत्पादक संगठनों को वित्तीय सहायता या अनुदान प्रदान किए गए हैं;
(ख) प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना, ऑपरेशन ग्रीन्स या केंद्र या राज्य सरकार की योजनाओं सहित ऐसी अन्य कौन-सी योजनाएं हैं जिसके अंतर्गत इस तरह की सहायता प्रदान की जाती है;
(ग) वर्तमान में बीड जिले में कुल कितने किसान उत्पादक संगठन सक्रिय हैं और कितने किसान उत्पादक संगठनों ने कृषि उत्पादों के लिए प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना की है; और
(घ) बीड जिले में नए किसान उत्पादक संगठन स्थापित करने या मौजूदा संगठनों का विस्तार करने के लिए सरकार की क्या योजनाएँ हैं और किसानों को वित्तीय सहायता तथा प्रसंस्करण सुविधाएँ प्रदान करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
(श्री रवनीत सिंह)

(क) और (ख) प्रधान मंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन (पीएमएफएमई) योजना के अंतर्गत, बीड जिले में पिछले तीन वर्षों के दौरान क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी के लिए किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) को कोई ऋण स्वीकृत नहीं किया गया है। हालांकि, चालू वर्ष अर्थात 2025-26 के दौरान महाराष्ट्र के बीड जिले में एक एफपीओ को ऋण स्वीकृत किया गया है।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) द्वारा कार्यान्वित्त प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) की ऑपरेशन ग्रीन्स योजना के अंतर्गत, महाराष्ट्र के बीड जिले में किसी प्रस्ताव को अनुमोदित नहीं किया गया है। इसके अलावा, राज्य सरकार की योजनाओं से संबंधित जानकारी मंत्रालय के पास नहीं है।

(ग) लघु कृषक कृषि संघ (एसएफएसी) की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, दिनांक 14 फरवरी 2025 तक बीड जिले में 7 एफपीओ का गठन किया गया है। तथापि, पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत, खाद्य प्रसंस्करण के लिए सामान्य अवसंरचना सुविधाओं की स्थापना हेतु एक एफपीओ को क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी के लिए ऋण स्वीकृत किया गया है।

(घ) कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत एसएफएसी समग्र और व्यापक आधारित सहायक पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करने और व्यावसायिक एवं टिकाऊ आय उन्मुख खेती के विकास को सुविधाजनक बनाने और महाराष्ट्र के बीड जिले सहित देश भर में कृषि समुदायों के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास और कल्याण के लिए 10,000 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के गठन और संवर्धन के लिए एक योजना कार्यान्वित कर रहा है।

*****